नीट यू0पी0 2016 की प्रथम डी0नोवो काउंसिलिंग के माध्यम से निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों में छात्रों के प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश

संख्या–एम0ई0–3 / 2016 / 2707 लखनऊःदिनांकः **24 सितम्बर 2016**

शासनादेश संख्या–3688(1) / 71–2–2016–81 / 2016 दिनॉक–18.9.2016 में निर्धारित समय–सारणी के अनुसार राजकीय कालेजों हेतु नीट यू0पी0 2016 की माप–अप राउण्ड दिनांक 29.9.2016 एवं 30.9.2016 को आयोजित किया जाना है। तद्नुसार निम्न दिशा–निर्देश दिये जा रहे हैंः–

1. प्रथम डी0नोवो काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटित छात्रों की रिपोर्टिंग की अन्तिम तिथि दिनांक 25.9.2016 निर्धारित है। प्रथम चक की प्रवेश प्रकिया सम्पन्न करने के बाद रिक्त सीटों की सूचना आवंटन सूची पर ही प्रवेशित / अप्रवेशित अंकित करते हुए दिनांक 27.9.2016 की सायं 5:00 बजे तक महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण को ई–मेल dgmededu@gmail.com पर प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

2. प्रथम डी0नोवों काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटित छात्रों को यदि किन्ही कारणों से दिनांक 25.9.2016 तक शुल्क भुगतान में कठिनाई आ रही है, तो ऐसी दशा में आंवटित छात्रों की रिपोर्टिंग यथासमय पूर्ण करते हुये छात्रों से दिनांक 27.9.2016 तक भुगतान लिया जा सकता है।

3. किसी भी दशा मे भुगतान के आधार पर आवंटन पत्र के सापेक्ष प्रवेश मना नही किया जा सकता है, इसे माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना मानी जायेगी।

4. दिनांक 29 व 30 सितम्बर, 2016 को माप–अप राउण्ड में संस्थानों द्वारा स्पाट एडमिशन की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा।

5. माप–अप राउण्ड की काउसिलिंग मात्र एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ केन्द्र पर ही आयोजित की जायेगी।

6. माप–अप राउण्ड मे अभ्यर्थियों को समस्त मूल अभिलेखों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2016 / 2708–12 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2
2. समस्त सदस्य / सह–सदस्य, काउंसिलिंग बोर्ड, नीट यू0पी0 2016
3. काउंसिलिंग केन्द्र, प्रभारी, मेडिकल कालेज, कानपुर, इलाहाबाद तथा मेरठ।
4. अध्यक्ष / प्रधानाचार्य, निजी क्षेत्र के समस्त मेडिकल एवं डेण्टल कालेज।
5. विशेष आमंत्री सदस्य, नीट यू0पी0 2016 काउंसिलिंग

(वी0एन0त्रिपाठी)
महानिदेशक